# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
## 28.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

**प्रधानमंत्री रोजगार मेला**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंस के जरिये नव–नियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। रोजगार मेला पूरे देश के 40 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केन्द्र सरकार के पदों पर नियुक्त होंगे। रोजगार मेला रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने के प्रति प्रधानमंत्री की वचनबद्धता का दर्शाता है। यह मेला राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए रोजगार के अवसरों के साथ युवाओं को सशक्त बनायेगा। नवनियुक्त युवाओं को आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के जरिये बुनियादी प्रशिक्षण लेने का अवसर मिलेगा। इस पोर्टल पर 14 सौ से अधिक ई–लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध है। ये पाठ्यक्रम युवाओं को अपना कार्य प्रभावशाली तरीके से करने के आवश्यक कौशल सिखाने और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में कार्य करने के लिए तैयार करेंगे। इस बीच शिमला में भी रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस मौके पर सैंकड़ों युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

**बिजली बोर्ड हड़ताल**

राज्य बिजली बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों ने आज अपनी मांगों को लेकर प्रदेशभर में धरना प्रदर्शन किया। ये कर्मचारी बोर्ड में इंजीनियर के 51 पद खत्म करने और 81 चालकों की सेवाएं समाप्त करने का विरोध कर रहे हैं। शिमला स्थित बोर्ड मुख्यालय कुमार हाउस में आपात बैठक कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। बोर्ड के कर्मचारी–अधिकारी ज्वाईंट फ्रंट के संयोजक लोकेश ठाकुर और सह–संयोजक हीरा लाल वर्मा ने कहा कि बिजली बोर्ड की दशा सुधारने की बजाए सरकार इसे खत्म करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड में पुरानी पैंशन योजना बहाल नहीं की गई है और बोर्ड के कर्मचारी इसकी पुरजोर मांग कर रहे है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि दीपावली को देखते हुए आंदोलन को कुछ दिनों के लिए टाला गया है और यदि सरकार कर्मचारियों की मांगों को नहीं मानती तो टूल डाउन और पैन डाउन हड़ताल का ऐलान किया जाएगा। बोर्ड के कर्मचारियों ने इंजीनियरों के 51 पद समाप्त करने और 81 चालकों की सेवाएं खत्म करने के फैसले को तुरंत वापिस लेने की मांग की है।

**भेंट**

राज्य जिओग्राफिकल सोसायटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रो. डी. डी. शर्मा के नेतृत्व मे ंआज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। उन्होंने राज्यपाल से भूगोल विषय को सभी स्कूलों और कॉलेजों में एक आवश्यक विषय के रूप में शामिल करने का आग्रह किया। डी.डी. शर्मा ने कहा कि इस समय प्रदेश के

लगभग 13 फीसदी स्कूलों व 44 फीसदी कॉलेजों में भूगोल विषय की शिक्षा दी जा रही है और ये एक रोजगारोन्मुखी विषय है।

**जागरूकता सप्ताह**

आज से देश भर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाना है। सप्ताह का विषय है– राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति। इसे शासन और सार्वजनिक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। सप्ताह का पालन मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों और अन्य सभी संगठनों में लोक सेवकों द्वारा शपथ लेने के साथ शुरू होगा। इस दौरान भ्रष्ट आचरण के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए कई समारोह आयोजित किए जाएंगे। हर वर्ष इसका आयोजन भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन वाले सप्ताह में किया जाता है।

**प्रदर्शनी**

कैदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी आज से शिमला के रोटरी क्लब में शुरू हुई। कारागार व सुधार सेवाएं महानिदेशक संजीव रंजन ओझा ने इसका शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विभिन्न जेलों के कैदियों को अनेक प्रकार के उत्पाद बनाने के कार्य से जोड़ा गया है और दीपावली को देखते हुए इन उत्पादों की बिक्री के लिए प्रदर्शनी लगाई गई है। उन्होंने लोगों से कैदियों द्वारा तैयार उत्पादों की खरीद करने की अपील की है ताकि कैदियों का उत्थान हो सके।

**जयंती**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर हर साल 31 अक्टूबर को "राष्ट्रीय एकता दिवस" पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाता है। दीपावली के कारण रन फॉर यूनिटी इस वर्ष 31 अक्तूबर की बजाए 29 अक्तूबर को आयोजित होगी। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया है।

**पांगी मांग**

चंबा ज़िले के पंगवाल एकता मंच ने जनजातीय पांगी घाटी में प्राथमिक स्कूलों में अध्यापकों के खाली पड़े लगभग 50 पदों को जल्द भरने की सरकार से मांग की है। मंच के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने कहा कि पांगी घाटी में 8 स्कूलों के सेंटर स्कूल में जेबीटी अध्यापकों के सभी तीन पद भी खाली हैं, जिन्हें तुरंत भरा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को भी पंगवाल एकता मंच की ओर से ज्ञापन भेजा गया है।

**नमस्कार**